सार-समाचार

राष्ट्रीय संगोष्ठी के ब्रोशर का विमोचन

बीकानेर, (निसं)। संभाग के अग्रणी शिक्षण संस्थान राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर के इतिहास विभाग द्वारा आगामी 17 अप्रैल को स्वण् नरपत सिंह राजवी स्मृति व्याख्यान एवं छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी के ब्रोशर का विमोचन गुरुवार को प्राचार्य कक्ष में किया गया। इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो चन्द्र शेखर कच्छावा ने जानकारी देते हुए बताया कि संगोष्ठी का विषय श्भारत बोध: समाज संस्कृति और इतिहास दृष्टि के विभिन्न आयाम इतिहास पुनर्लेखन के विशेष संदर्भ में रखा गया हैए जिसमें विद्वानों द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोजन सचिव डॉअशोक शर्मा ने बताया कि यह संगोष्ठी इतिहास विभाग एवं अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजनाए नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेन्द्र पुरोहित ने बताया कि इस अवसर पर स्वण् नरपत सिंह राजवी की स्मृति में वर्ष 2020 से 2025 तक के स्नातक प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर पूर्वा एवं उत्तरार्द्ध के इतिहास विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्याथिर्यों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।डॉ अनिला पुरोहित ने बताया कि ब्रोशर विमोचन समारोह में प्रो् विक्रमजीत प्रो अनिला पुरोहितए प्रोण् बिन्दु भसीन प्रोण् सुखारामए प्रोण् उषा लोमरोड़ डॉ श्रीराम नायकए अशोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में शोधाथिर्यों ने ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

दो डीसीएनएस का विवाद गहराया

बीकानेर, (निसं)। यहा पीबीएम हॉस्पिटल में एक ही सीट पर दो जिला मुख्य नर्सिंग अधीक्षक लगाने का विवाद अब गहराने लगा है। एक पक्ष के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर्स ने पीबीएम अधीक्षक का घेराव कर लिया। करीब एक घंटे तक हंगामा हुआ। बाद में नर्सिंग ऑफिसर्स ने घटना को लेकर एसपी मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल के समक्ष शिकायत दर्ज कराते हुए कार्यवाही करने की मांग की है। दरअसल विवाद जिला मुख्य नर्सिंग अधीक्षक कक्ष से शुरू हुआ। नव नियुक्त डीसीएनएस लता नायर और यूटीबी के नर्सिंग ऑफिसर रविंद्र के बीच गरमा गर्म बहस हो गई। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में नर्सिंग ऑफिसर भी वार्डो को छोड़कर वहां पहुंच गए। इससे माहौल गरमा गया। सभी इकट्ठे होकर पीबीएम अधीक्षक डॉ. बीसी घीया के कक्ष में गए। वहां एक घंटे तक हंगामा होता रहा। डीसीएनएस लता नायर, मैट्रन संतोष तंवर, ज्योति पूनिया, राजबाला, किरण रोहिल्ला, सतीश कुमार, रमजान तंवर, सुभाष आदि ने रविंद्र पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की। इसी दौरान रविंद्र ने भी वहां पहुंचकर अपना पक्ष रखा। उसके बाद नर्सिंग ऑफिसर प्रिंसिपल के पास पहुंचे। अधीक्षक और प्रिंसिपल ने इस मामले में आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। नर्सिंग ऑफिसरों के बीच विवाद को लेकर दोनों पक्ष आए थे। इसकी जांच कराई जा रही है। सुरक्षा का टेंडर बदल गया है। श्रम विभाग के मानकों के अनुरूप ही गार्डों को मानदेय दिया जा सकता है। हालांकि यह मसला ठेकेदार और गार्डों के बीच का है। - डॉ. बीसी घीया, अधीक्षक, पीबीएम हॉस्पिटल

तेल और केबल चोरी से किसान परेशान

नापासर,(निसं)। यहा थाना क्षेत्र के शेरेरा गांव में एक कृषि फार्म पर लगातार चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। पीडित किसान ओमपुरी पुत्र राजपुरी गुंसाई ने 1 अप्रैल 2026 को शाम करीब 5:50 बजे नापासर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि भोजेरा स्थित भारतमाला रोड के पास बने उनके कृषि फार्म को अज्ञात चोरों ने तीन बार निशाना बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार, पहली चोरी 28 जनवरी 2026 को हुई थी, जिसमें 100 लीटर बिजली का तेल चुरा लिया गया। इसके बाद, 7 फरवरी को 140 फीट केबल वायर और 14 मार्च को 640 फीट केबल वायर चोरी की गई। पीडि़त ओमपुरी ने अपनी रिपोर्ट में गांव भोजेरा निवासी श्रवणराम उर्फ धोळिया पुत्र ओम प्रकाश गोदारा और उसके साथियों पर चोरी का संदेह व्यक्त किया है। उन्होंने इन संदिग्धों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

दो बहनों के इकलौते भाई ने लगाया फंदा

जसरासर,(निसं)। यहा थाना क्षेत्र के काकड़ा गांव में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है। मृतक की पहचान नापासर निवासी प्रीतम के रूप में हुई है, जो काकड़ा स्थित अपने ननिहाल में रह रहा था। जानकारी के अनुसार, प्रीतम सुबह लकडियां लाने के लिए पास ही बने बाड़े में गया था। वहां मकान में उसने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलने पर जसरासर पुलिस के एएसआई रामेश्वर लाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नोखा भिजवाया। प्रारंभिक जानकारी में आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक के पिता शिव शंकर ने भी कुछ साल पहले नापासर में फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। प्रीतम की दो बहनें हैं और वह इकलौता भाई था।

तेज बारिश के साथ गिरे ओले

श्रीगंगानगर, (निसं)। यहा गुरुवार दोपहर को अचानक मौसम बदला। दोपहर करीब दोपहर 3 बजे के बाद बादलों की आवाजाही शुरू हुई और करीब 3:30 बजे तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। बारिश के बाद मौसम काफी ठंडा हो गया। वहीं पदमपुर और जैतसर समेत आस-पास के ग्रामीण इलाकों में भी तेज बारिश हुई। पदमपुर में बारिश के साथ ओले गिरे। यहां धान मंडी में रखी किसानों की फसलें खराब हो गई। इससे आक्रोशित किसानों ने मंडी समिति के ऑफिस में हंगामा किया। इधर, मौसम विभाग की ओर से जिले में 4 अप्रैल तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। जिले के मुख्यालय श्रीगंगानगर के अलावा जैतसर, पदमपुर, सादुलशहर, लालगढ़ जाटान, चूनावढ़ समेत कई इलाकों में दोपहर 3:30 बजे के आस-पास तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जिससे खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा। पदमपुर कृषि उपज मंडी में खुले में पड़ी किसानों की जींस (धान) बारिश में भीगकर खराब हो गई। आक्रोशित किसान मंडी समिति कार्यालय पहुंचे और जोरदार हंगामा किया। किसानों ने आरोप लगाया कि मंडी में जगह की भारी कमी है, जिसके कारण उन्हें फसल खुले आसमान के नीचे रखनी पड़ रही है।

स्कॉलरशिप दिलाने के नाम पर ठगी

श्रीगंगानगर, (निसं)। स्कॉलरशिप दिलाने के नाम पर एक दुकानदार से हजारों की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को लेबर कोर्ट का अधिकारी बताकर पैसे हड़प लिए। आरोपी ने दुकानदार की लड़की व लड़के को छात्रवृत्ति दिलाने का झांसा दिया था। मामला श्रीगंगानगर जिले के सादुलशहर थाना क्षेत्र का है। शिकायतकर्ता कृष्णलाल (45) निवासी खाटसजवार, सादुलशहर (श्रीगंगानगर) ने विशेष एससी/एसटी प्रकरण कोर्ट, श्रीगंगानगर में दी शिकायत दी। शिकायतकर्ता ने बताया- आरोपी सुनील कुमार पुत्र मनफूल राम निवासी चक 15/16 ए, अनूपगढ़ ने उनके मोबाइल नंबर पर 18 अक्टूबर 2025 को फोन कर खुद को लेबर कोर्ट का अधिकारी बताया। आरोपी ने कहा कि कृष्णलाल की बेटी और बेटे की शुभ शक्ति योजना के तहत दो-दो छात्रवृत्तियां आई हैं।

निशांत जैन ने संभाला जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट का पदभार

■ जैन बाड़मेर और जालौर में जिला कलक्टर के अलावा पर्यटन विभाग के निदेशक सहित विभिन्न पदों का दायित्व संभाल चुके हैं

बीकानेर, (निसं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2015 बैच के अधिकारी निशांत जैन ने गुरुवार को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट का पदभार संभाला। जैन इससे पहले जयपुर विकास प्राधिकरण में सचिव थे। जैन बाड़मेर और जालौर में जिला कलक्टर के अलावा पर्यटन विभाग के निदेशक सहित विभिन्न पदों का दायित्व संभाल चुके हैं। पदभार संभालने के बाद जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की समस्त प्राथमिकताएं उनकी प्राथमिकताए रहेंगी। मुख्यमंत्री के विजन के अनुसार कार्य करते हुए जिले को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन तथा फ्लैगशिप योजनाओं में गति लाने के साथ आमजन तक इनका लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीकानेर सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध है। इसे और अधिक सशक्त करने की दिशा में कार्य किए जाएंगे। इस दौरान अतिरिक्त कलक्टर (नगर) रमेश देव, उपखण्ड अधिकारी सुश्री महिमा कसाना, प्रशिक्षु आइएएस स्वाति शर्मा, वरिष्ठ निजी सचिव आशानंद कल्ला आदि मौजूद रहे। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पलनीचामी और जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती शैलजा पांडे ने जिला कलक्टर से मुलाकात की। कलक्ट्रेट परिसर के कार्मिकों ने जिला कलक्टर से मुलाकात कर जैन को पुष्पगुच्छ भेंट किया।

जिला कलेक्टर निशांत जैन ने गुरुवार को देशनोक स्थित विश्व प्रसिद्ध करणी माता मंदिर पहुंचकर मां करणी के दर्शन किए। मंदिर प्रन्यास अध्यक्ष बादल सिंह, उपाध्यक्ष सीता दान, पूर्व प्रन्यास अध्यक्ष कैलाश दान एवं पूर्व पार्षद चण्डी दान सहित अन्य गणमान्य लोगों ने जैन का स्वागत किया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारियों ने कलेक्टर को मंदिर की परंपराओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी दी। पूर्व प्रन्यास अध्यक्ष कैलाश दान ने मां करणी के जीवन, उनके आध्यात्मिक व्यक्तित्व एवं लोक आस्था में उनके विशेष महत्व के बारे में बताया। उन्होंने देशनोक उप तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया।

यहां की विभिन्न पत्रावलियों का अवलोकन किया और आमजन के कार्य समयबद्ध संपादित करने के निर्देश दिए। इससे पहले श्री निशांत जैन सर्किट हाउस पहुंचे। जहां अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) रमेश देव, उपखंड अधिकारी महिमा कसाना, प्रशिक्षु आईएएस स्वाति शर्मा, वरिष्ठ निजी सचिव आशानंद कल्ला, मोहम्मद रियाज और महावीर स्वामी ने जिला कलेक्टर की अगवानी की।

गौशालाओं का प्रशिक्षण व संवाद कार्यक्रम 5 से

बीकानेर, (निसं)। बीकानेर गौशाला संघ व गोपालन विभाग बीकानेर के संयुक्त तत्वाधान में गौशाला संचालकों का प्रशिक्षण एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन 5 अप्रैल से किया जा रहा है। संघ के जिला महामंत्री निरंजन सोनी ने बताया कि बीकानेर गौशाला संघ के द्वारा गौशाला संचालकों का प्रशिक्षण व संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। इसी श्रृंखला में 5 अप्रैल से बीकानेर जिले की सभी तहसीलों के अनुसार गौशाला संचालकों का प्रशिक्षण व संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, 5 अप्रैल को श्री डूंगरगढ़ क्षेत्र की गौशालाओं का प्रशिक्षण व संवाद कार्यक्रम मां चिल्लाय गौशाला झंझेऊ श्री डूंगरगढ़ में, 7 अप्रैल लूणकरणसर क्षेत्र की गौशालाओं का प्रशिक्षण व संवाद कार्यक्रम गोपीनाथ गौशाला जैतपुर लूणकरणसर में, 8 अप्रैल नोखा व पांचु क्षेत्र की गौशालाओं का प्रशिक्षण व संवाद कार्यक्रम श्री कृष्णा केसर गौशाला सुरपुरा नोखा में, 9 अप्रैल बीकानेर, श्री कोलायत जी व बज्जू क्षेत्र की गौशालाओं का प्रशिक्षण श्री गंगा जुबली पिंजरापोल गौशाला बीकानेर में, वह खाजुवाला, पुगल क्षेत्र की गौशालाओं का प्रशिक्षण खाजूवाला में रखा गया है। यह सभी प्रशिक्षण प्रातः 11:00 से प्रारंभ किए जाएंगे। प्रशिक्षण व संवाद कार्यक्रम में पशुपालन विभाग के बीकानेर संभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉक्टर कुलदीप चौधरी , पशुपालन विभाग बीकानेर के संयुक्त निदेशक डॉ बिरमाराम , गोपालन विभाग के प्रभारी अधिकारी गोपाल सिंह नाथावत, वह गौशालाओं से जुड़े सक्रिय कार्यकर्ता और पदाधिकारी प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

खाजूवाला-बीकानेर रूट पर रोडवेज बस शुरू होते ही हंगामा

■ निजी बस संचालकों ने लगाया जाम, पुलिस पहुंची मौके पर, समझाईश की

खाजूवाला,(निसं)। यहा खाजूवाला-बीकानेर रूट पर बुधवार को राजस्थान रोडवेज की दो नई बसों का संचालन शुरू होते ही विवाद हो गया। दोपहर 1.20 बजे पहली बस रवाना होने से पहले ही प्राइवेट बस संचालकों ने राजीव सर्किल पर अपनी बसें अड़ाकर रोडवेज का रास्ता रोक दिया। विवाद इतना बढ़ा कि भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत सियाग और कार्यकर्ताओं के स्वागत कार्यक्रम से पहले ही हंगामे की स्थिति बन गई।

सूचना पर पहुंचे एएसआई मांगीलाल गोदारा, सुभाष चंद्र और मोनूसिंह मीणा ने पुलिस जाब्ते के साथ मोर्चा संभाला। पुलिस को देखते ही एक निजी बस संचालक अपनी बस लेकर भाग निकला, जिसके बाद रोडवेज को गंतव्य के लिए रवाना किया।

निजी बस ऑपरेटरों का दावा था कि रोडवेज के पास इस रूट के वैध दस्तावेज नहीं हैं। हालांकि, रोडवेज प्रबंधन ने इसे निजी बस संचालकों की दादागिरी करार दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि खाजूवाला से बीकानेर, श्रीगंगानगर और जैसलमेर रूट पर रोजाना दो दर्जन से अधिक निजी बसें बिना परमिट के दौड़ रही हैं, जिससे रोडवेज को आर्थिक नुकसान हो रहा है। परिवहन विभाग की उदासीनता के चलते ये बसें वाया पूगल-आरडी 682 होकर सीधे बीकानेर पहुंच रही हैं। ग्रामीणों ने इन अवैध बसों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

खाजूवाला-बीकानेर रूट पर रोडवेज बसों का संचालन सुचारू रहेगा। निजी बस संचालकों की दादागिरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिस ऑपरेटर ने सवाल उठाए, उसके पास खुद बीकानेर तक का सीधा परमिट नहीं है। आरटीओ और पुलिस को कार्रवाई के लिए कहा है। इंदिरा गोदारा, मुख्य प्रबंधक, रोडवेज आगार बीकानेर।

सुंदरकांड पाठ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

अरजनसर, (निसं)। क्षेत्र में गुरुवार को चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर कस्बे के हनुमान वाटिका मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम ज्योत प्रज्वलित की गई उसके बाद संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन समिति के लक्ष्मीनारायण औझा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत शास्त्री महावीर शर्मा की ओर से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हनुमान जी महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात भक्तिमय माहौल में सुंदरकांड पाठ प्रारंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालु पूरे समय भक्ति रस में सराबोर नजर आए।

80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली प्रतिभाएं सम्मानित

■ 80 से 90प्रतिशत के मध्य अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं की संख्या 10 रही जबकि 70 से 80प्रतिशत के मध्य 12 छात्राओं ने अंक प्राप्त किए

बीकानेर, (निसं)। उदयरामसर, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयरामसर की छात्राओं ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं के परिणाम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी का परीक्षा परिणाम दिया है। प्रधानाचार्य रतनलाल छलाणी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि विद्यालय में कला संकाय में 35 में से सभी 35 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की है।

जिसमें से 7 ने तो 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। 80 से 90प्रतिशत के मध्य अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं की संख्या 10 रही जबकि 70 से 80प्रतिशत के मध्य 12 छात्राओं ने अंक प्राप्त किए। सलोनी भार्गव ने 95प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, इंदिरा मेघवाल ने 94प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा निशा शर्मा ने 93.60 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। सलोनी भार्गव व निशा शर्मा ने अंग्रेजी में 100 अंक तथा कनिका मेघवाल व कौशल्या सुथार ने भूगोल में 100 अंक प्राप्त किये। शानदार परीक्षा परिणाम आने पर आज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली बारहवीं की 17 छात्राओं तथा दसवीं की 4 छात्राओं को विद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अजय गोदारा, सुनीता चंदेल, ममता जोशी, नीतू कौशिक, कृष्ण कुमार शर्मा आरती कटारिया, अनिता कुमारी, सुमन कड़ेला, भैरव कुमावत, अनीता यादव, विकास वर्मा, शोभा रानी, सूची सरदाना, योगिता भाकर, मोहम्मद शरीफ पंवार, गीता यादव, मीरा देवी, प्रवीण कुमार, विद्या शर्मा, सोनू शर्मा सहित विद्याथिर्यों अभिभावकों, प्रबंधन समिति सदस्यों की उपस्थिति रही। सभी ने विद्यालय परिवार को बहुत-बहुत बधाई दी।

शैलजा पाण्डे ने संभाला जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पदभार

बीकानेर, (निसं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा की वर्ष 2021 की अधिकारी श्रीमती शैलजा पाण्डे ने गुरुवार को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने ग्रामीण विकास और पंचायती राज से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी से फीडबैक लिया। जिला परिषद द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के समग्र विकास पर विशेष फोकस रहेगा, जिससे योजनाओं का लाभ मूल स्वरुप में अंतिम लाभार्थी तक पहुँचाया जा सके।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय हाउसिंग बोर्ड पवनपुरी में नि:शुल्क साइकिल वितरण

बीकानेर, (निसं)। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय हाउसिंग बोर्डए पवनपुरी में कक्षा 9 की पात्र छात्राओं को निरूशुल्क साइकिलों का वितरण गुरुवार को किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशनदान चारण जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा बीकानेर एवं विशिष्ट अतिथि रवि आचार्य शिक्षक नेता रहे। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिलें सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह को संबोधित करते हुए 'मुख्य अतिथि किशनदान चारण' ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना छात्राओं के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। इससे न केवल छात्राओं को विद्यालय आने.जाने में सुविधा होगीए बल्कि उनका शिक्षण कार्य भी सुचारू रूप से चलता रहेगा।

'पूर्व पार्षद पुनीत शर्मा' ने कहा कि साइकिल वितरण का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को स्कूल जाने के लिए सुगम साधन उपलब्ध कराना है जिससे उनकी शिक्षा के प्रति रुचि बढ़े और ड्राप.आउट दर कम हो सके।

पुनीत शर्मा ने रेखांकित किया कि साइकिल केवल एक वाहन नहीं हैए बल्कि यह छात्राओं और महिलाओं की स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।'विशिष्ट अतिथि रवि आचार्य' शिक्षक नेता ने छात्राओं को कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। सरकार की इस योजना को महिला शिक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम बताया।

साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। प्राचार्य संदीप जैन ने कहा कि समय पर साधन उपलब्ध होने से छात्राओं की उपस्थिति में सुधार होगा और उनके शिक्षण कार्य में कोई बाधा नहीं आएगी।इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफए अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

मूर्ति सर्किल पर 80 फीट का 'रोड मैप'

■ नामांतरण या निर्माण कराया तो छोड़नी होगी 10 फीट जमीन

बीकानेर, (निसं)। यहा विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने मास्टर प्लान-2043 के तहत मूर्ति सर्किल और उससे जुड़ी सड़कों को 'व्यावसायिक गलियारा' घोषित कर बीकानेर के शहरी ढांचे को आधुनिक बनाने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। योजना का मुख्य लक्ष्य सड़कों की चौड़ाई 60 फीट से बढ़ाकर 80 फीट (24 मीटर) करना है, जिसके लिए सड़क के केंद्र से दोनों ओर 40-40 फीट (कुल 80 फीट) का 'मार्गाधिकार' आरक्षित किया गया है। इसके तहत भू-स्वामियों को सड़क के लिए 10-10 फीट जगह छोड़नी होगी। 80 फीट चौड़ी सड़क बनने पर शोरूम और बैंकों के बाहर पार्किंग की समस्या कम होगी, साथ ही बीडीए ने बड़े व्यावसायिक निर्माणों के लिए भूखंड के भीतर पार्किंग का पुख्ता इंतजाम करना अनिवार्य किया है। 10 फीट जगह छोड़ने की शर्त (एफिडेविट के साथ) केवल उन भू-स्वामियों पर लागू होगी जिनका निर्माण अभी बाकी है या जिनका बीडीए से नामांतरण या भवन निर्माण जैसा कोई काम रुका हुआ है। पहले से निर्माण कर चुके भू-स्वामियों पर यह शर्त लागू नहीं होगी। इस विरोधाभास के कारण, यदि सभी भू-स्वामी जगह नहीं छोड़ते हैं, तो यह क्षेत्र व्यावसायिक हब तो बनेगा, मगर सड़क की चौड़ाई 60 फीट ही रह जाएगी। बीडीए के मास्टर प्लान के तहत 80 फीट चौड़ी सड़क बनाने का लक्ष्य जोनल प्लान में दो तरह की शर्तें होने के कारण पूरा हो पाने में संशय रहेगा। मुख्य समस्या यह है कि जिन पुराने भवनों का बीडीए से अब कोई खास काम नहीं है, वे सड़क के लिए अपनी जमीन नहीं छोड़ेंगे, जिससे सड़क की चौड़ाई 60 फीट ही बनी रहेगी। जबकि व्यास कॉलोनी जैसे क्षेत्रों को जाम से मुक्ति तभी मिलेगी जब पूरी सड़क 80 फीट चौड़ी हो। इस कदम से इलाके की संपत्तियों के बाजार मूल्य और किराये की आय में 40 से 60 प्रतिशत तक की वृद्धि होने की उम्मीद है। भूस्वामियों को जमीन छोड़ने के लिए प्रेरित करने हेतु, बीडीए मुआवजे के बजाय अतिरिक्त एफएआर (फ्लोर एरिया रेशियो) की सुविधा दे रहा है।

रेलवे ओवरब्रिज सड़क के लिए टेंडर जारी

■ 45 लाख से होगा जीर्णोद्धार, आंदोलन की चेतावनी के बाद कार्रवाई

सूरतगढ़। डक के पुनर्निर्माण के लिए नगरपालिका प्रशासन ने टेंडर जारी कर दिए हैं। लंबे समय से खराब हालत में पड़ी इस सड़क के सुधार पर करीब 45.50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही सड़क मरम्मत का कार्य शुरू किया जाएगा, जिससे आमजन को राहत मिलने की उम्मीद है। यह आरओबी शहर के दोनों हिस्सों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, लेकिन पुल बनने के बाद से उपेक्षा का शिकार था। पिछले दो वर्षों से इसकी हालत और ज्यादा खराब हो गई थी। पुल पर जगह-जगह से सड़क उखड़ चुकी है और कंक्रीट बाहर आने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। दिन-रात वाहनों की आवाजाही के कारण टूटी सड़क से धूल उड़ती रहती है, जिससे आसपास के लोगों को भी दिक्कतें हो रही थीं। इस समस्या को लेकर कांग्रेस युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता योगेश मेघवाल और सेवादल के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सतनाम वर्मा के नेतृत्व में लोगों ने 23 फरवरी को एडीएम दीनानाथ बब्बल को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी थी कि समाधान नहीं हुआ तो 15 मार्च से पुल जाम कर आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसके बाद 14 मार्च को एसडीएम भरत जयप्रकाश मीणा ने आंदोलनकारियों से वार्ता की और टेंडर प्रक्रिया शुरू करने का भरोसा देते हुए 31 मार्च तक आंदोलन टालने की अपील की थी। बुधवार को आंदोलन की शुरुआत से पहले ही नगरपालिका प्रशासन ने करीब 45.50 लाख रुपए का टेंडर जारी कर दिया और इस संबंध में संघर्ष का नेतृत्व कर रहे लोगों को भी अवगत कराया। इस पर योगेश मेघवाल और सतनाम वर्मा ने सकारात्मक कार्रवाई के लिए नगरपालिका ईओ पूजा शर्मा और एसडीएम मीणा का आभार व्यक्त किया। नगरपालिका ईओ पूजा शर्मा ने बताया कि आमजन की परेशानी को देखते हुए ओवरब्रिज की सड़क का पुनर्निर्माण कराया जाएगा। इसके तहत सड़क की री-कार्पेंटिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुल पर लगी स्ट्रीट लाइटों को पहले ही दुरुस्त करवा दिया गया है और टेंडर खुलने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

कैंप कल

बीकानेर, (निसं)। जमीअत उलमा-ए-हिन्द शाखा बीकानेर की ओर से हज यात्रा 2026 पर जाने वाले हाजियों की मुकम्मल रहनुमाई, सही मार्गदर्शन और बेहतरीन तैयारी के उद्देश्य से 4 अप्रैल को एक विशेष हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जमीअत उलमा-ए-हिन्द शाखा बीकानेर के महासचिव मौलाना मोहम्मद इरशाद कासमी के मुताबिक़ यह ट्रेनिंग कैंप खड़गावतों के मोहल्ले में स्थित मदरसा तालीमुल इस्लाम में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित होगा। कैंप में हाजियों को हज के तमाम अरकान, सफर से जुड़ी तैयारियां, एहराम से लेकर तवाफ व सई तक के अमल, तथा हज के दौरान पेश आने वाली विभिन्न परिस्थितियों से निपटने के तरीकों के बारे में आसान और समझने योग्य अंदाज़ में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी।

मंदिर से पर्यटन स्थल बन गया बजरंग धोरा

■ 1960 में हुई स्थापना, धोरों के बीच बसे हैं हनुमानजी

बीकानेर, यहा घूमना चाहते हैं तो कई पर्यटन स्थलों के बीच एक नया केंद्र उभरकर आया है, जिसका नाम है बजरंग धोरा। बीकानेर पश्चिम में पूगल रोड पर जहां से मिट्टी के टीले शुरू होते हैं, वहीं से एक रास्ता जाता है, दूर ऊंचे टीले पर एक ध्वजा लहलहाती दिखती है। मन श्रद्धा से भर जाता है और आसपास का दृश्य देखकर तो मन और शांत हो जाता है। दूर तक मिट्टी के धोरों के बीच बसे हनुमानजी के इस मंदिर को 'बजरंग धोरा' नाम दिया गया है। कभी एक छोटे से कमरे में बने इस मंदिर को आज भव्य रूप दिया जा चुका है। शहर का प्रसिद्ध बजरंग धोरा अब केवल एक धार्मिक स्थल नहीं रहा, बल्कि बीकानेर का उभरता हुआ प्रमुख टूरिस्ट प्लेस बन चुका है। आस्था, प्राकृतिक वातावरण और विकसित सुविधाओं के चलते यहां हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंच रहे हैं। बीकानेर के पूगल में शिक्षक के रूप में काम करने वाले रामचंद्र दाधिच किसी कारणवश पूगल छोड़कर बीकानेर आ गए। यहां बच्चों को पढ़ाने लगे। एक दिन उन्हें ऐसा प्रतीत हुआ कि हनुमानजी ने इस धोरे पर पहुंचने के आदेश दिए हैं। वो यहां पहुंचे तो एक खंडित प्रतिमा मिली। रामचंद्र महाराज ने ठान लिया कि इस खंडित प्रतिमा को गंगा में विसर्जित करके यहां नया मंदिर बनाएंगे। उन्होंने अपने प्रयासों से यहां एक मंदिर बनवाया। राधाकिशन चांडक ने इसमें सहयोग दिया। बाबा रामचंद्र महाराज ने यहां 23 वर्षों तक साधना की और यहीं उनका देहांत हुआ। पुजारी मनमोहन महाराज बताते हैं कि दुलमेरा के पत्थर से डेढ़ फीट चौड़ी और ढाई फीट ऊंची प्रतिमा तैयार करवाई गई।

अनूपगढ़ में एमएसपी गेहूं खरीद की नई प्रक्रिया का विरोध

अनूपगढ, यहा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की नई स्लॉट प्रक्रिया का अनूपगढ़ के व्यापारी और किसान विरोध कर रहे हैं। इस प्रक्रिया को रद्द न किए जाने पर उनका रोष बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में 3 अप्रैल 2026, शुक्रवार को सुबह 11 बजे अनूपगढ़ के व्यापार मंडल में किसानों, व्यापारियों और मजदूरों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है।

सरकार ने 15 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद शुरू की है, जिसमें राजस्थान सरकार ने नई स्लॉट प्रक्रिया लागू की है। अनूपगढ़ के व्यापारी और किसान इस नई प्रक्रिया को अव्यावहारिक बताकर इसका विरोध कर रहे हैं। व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील गोदारा ने गुरुवार को बताया-अनूपगढ़ व्यापार मंडल के नेतृत्व में नई धान मंडी के व्यापारी इस नई स्लॉट प्रक्रिया को रद्द करने की मांग को लेकर प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंप चुके हैं।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2026/5263 दिनांक : 02.04.2026

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं० 03 के किला नं० 22, 23 में माप 30 इन्टू 60 फीट, भूखण्ड संख्या ई-11, खालसानगर, श्रीगंगानगर का आवासीय पट्टा संख्या 2180 दिनांक 02.06.2003 को श्री लीलाधर पुत्र श्री महेन्द्र कुमार के नाम से जारी है। जो कि नामान्तरण उपरान्त दिनांक 07.03.2018 को श्रीमती मंजु पत्नी श्री रविन्द्र जैन के नाम से रिकार्ड में दर्ज है। श्रीमती अमृतपाल कौर पत्नी श्री हरतेज सिंह कलसी निवासी बी-8, खालसानगर, पदमपुर रोड, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 20.05.2024 के द्वारा क्रय कर अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं० 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कलक्टर ने एलपीजी गैस पेट्रोल.डीजल की उपलब्धता और खपत की समीक्षा की

■ गेहूं खरीद केन्द्रों की वर्तमान स्थिति के बारे में जाना

बीकानेर, (निसं)। जिला कलक्टर निशांत जैन ने गुरुवार को जिले में एलपीजी गैस पेट्रोल और डीजल की खपत और उपलब्धता तथा गेहूं खरीद की स्थिति की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने कहा कि आम उपभोक्ताओं को बेवजह परेशानी नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कालाबाजारीए गैस सिलेण्डर की अवैध रिफिलिंग सहित विभिन्न अनियमितताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश जिला रसद अधिकारी को दिए।

जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलेण्डर का दो दिन का रिजर्व स्टॉक उपलब्ध रखा जा रहा है। शैक्षणिक एवं मेडिकल संस्थानए अन्नपूर्णा रसोई आदि स्थानों पर कॉमशिय्यल गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि सभी विवाह स्थलों हॉटलों आदि को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिना कनेक्शन एक भी कॉमशिय्यल गैस सिलेण्डर नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक जिले की सभी गैस एजेंसियों का एक बार विजिट किया जा चुका है। डामेस्टिक गैस सिलेण्डर आपूर्ति के गैस डायरीए आधार कार्ड और ओटीपी बेस पर दिया जा रहा है।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जिले में छह से सात दिन का पेट्रोल.डीजल का रिजर्व स्टॉक उपलब्ध है। जिले में 258 पेट्रोल पम्प हैं। सभी पर विभाग द्वारा नजर रखी जा रही है। शर्मा ने बताया कि जिले में अवैध गैस रिफिलिंग की 20 से अधिक कार्यवाहियां की जा चुकी हैं तथा अब तक 116 से अधिक गैस सिलेण्डर जब्त किए गए हैं। वहीं दो एफआईआर दर्ज करवाई गई हैं।

इस दौरान बताया गया कि जिले में गेहूं खरीद के 12 केन्द्र हैं। इनमें से एफसीआई द्वारा सातए राजफेड द्वारा 2 तथा एनसीसीएफ द्वारा तीन केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। सभी केन्द्रों पर रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। एफसीआई प्रबंधक ने बताया कि खरीद 15 अप्रैल के लगभग प्रारम्भ होने की संभावना है। जिले को इस बार 26 हजार मेट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया है। जिले में गेहूं की बम्पर पैदावार को देखते हुए शत.प्रतिशत की लक्ष्य पूर्ति की संभावना है।

सदफ़ सिद्दीक़ी को पीएचडी उपाधि

बीकानेर,(निसं)। बीकानेर की शोध छात्रा सदफ़ सिद्दीक़ी को मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी जोधपुर द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान करने की गई। डॉक्टर सदफ़ सिद्दीक़ी ने अपना शोध कार्य डा् अजीजुल्लाह शीरानी के निर्देशन में डा् तकी आबेदी के साहित्यिक अवदान जदीद जाविए् आधुनिक दृष्टिकोण पर पूर्ण किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि बताते हुए सदफ़ सिद्दीक़ी को बधाई दी। डॉक्टर सदफ़ सिद्दीक़ी के पिता साहित्यकार काज़ी अनीसुद्दीन सिद्दीकी ने इसे बीकानेर के लिए गर्व का क्षण बताया।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/ 2026/ 5261 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 02/04/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री कुलदीप चौधरी पुत्र श्री हेतराम चौधरी निवासी म.न. 3, गली नं. 1, यूआईटी रोड, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकॉर्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 15 के किला नं. 11 में माप 618.75 वर्गगज भूखण्ड संख्या ए-03, नया चक, श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का आवासीय का पट्टा संख्या 191 दिनांक 31.07.1985 को श्री उदय पाल पुत्र श्री कृष्ण लाल के नाम से जारी है।	श्रीमती आशी चौधरी की मृत्यु दिनांक 05.03.2015 को होने के उपरान्त श्री कुलदीप चौधरी द्वारा अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 30.10.2009 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्री कुलदीप चौधरी पुत्र श्री हेतराम चौधरी निवासी म.न. 3, गली नं. 1, यूआईटी रोड, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है । बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY25-26/MUT/1185 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर